345UFD

# जाँच के लिए प्रश्न

- नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यान से पढ़ो। इसके नीचे दिए गए प्रश्नों के सही–उत्तर की क्रम संख्या पर गोला लगाओ –

प्राचीन समय में पुस्तकें हाथ से तैयार की जाती थी। उस युग में पुस्तकों की प्रतियाँ करने का काम अधिकतर भिक्षु लोग करते थे। ये लोग अपनी छोटी–छोटी कोठरियों में बैठे सावधानीपूर्वक पुस्तकों की प्रतियाँ तैयार करते थे। यह कार्य करते–करते उनकी आँखें दुख जाती थी। अंगुलियाँ दर्द करने लगती थी, फिर भी वे लोग रात–रातभर जागकर यही काम करते रहते थे।

जरा सोचो, एक पृष्ठ यहाँ तक कि एक लाइन लिखने में कितना समय लगता है। फिर पूरी पुस्तक की प्रतिलिपि तैयार करने के लिए कितना परिश्रम करना पड़ता होगा, उसके लिए कितने धैर्य की आवश्यकता होती होगी।

कई वर्षों बाद बेल्जियम के एक चतुर व्यक्ति ने छापेखाने का आवि  कार किया। इसके द्वारा बहुत कम समय में किसी भी पुस्तक की दसियों प्रतियाँ तैयार होने लगी। पिछले 500 वर्षों में पुस्तकें छापने की विधि में बहुत से महत्वपूर्ण परिवर्तन और सुधार हो गए हैं और आज हजारों और लाखों पुस्तकें बहुत आसानी से छापी जा सकती हैं।

1. प्राचीन समय में संसार में बहुत कम पुस्तकें क्यों थी?
   (क) भिक्षु पुस्तकें लिखते हुए बहुत थक चुके थे।
   (ख) पुस्तकें केवल बेल्जियम में बनाई जाती थी।
   (ग) पुस्तकें हाथ से लिखी जाती थी।
   (घ) लोगों में धैर्य की कमी थी

2. ''फिर भी वे लोग रात–रातभर जागकर यही काम करते रहते थे।'' इस वाक्य में भिक्षुओं की कौन–सी विशे  ता प्रकट होती है?
   (क) उन्हें रातभर कार्य करना पड़ता था।
   (ख) उन्हें अँधेरे में कार्य करना पड़ता था।
   (ग) वे बहुत कम पुस्तकें तैयार कर पाते थे।
   (घ) उनकी आँखें तथा हाथ थक जाते थे।

3. भिक्षु कई घण्टों तक लिखते रहते थे। इसका उन पर क्या प्रभाव पड़ता था?
   (क) उन्हें रात भर कार्य करना पड़ता था।
   (ख) उन्हें अँधेरे में कार्य करना पड़ता था।
   (ग) वे बहुत कम पुस्तकें तैयार कर पाते थे।
   (घ) उनकी आँखें तथा हाथ थक जाते थे।
4. ''इसके द्वारा बहुत कम समय में ...................... '' यहाँ 'इसके' किसकी ओर संकेत करता है?
   (क) चतुर व्यक्ति
   (ख) छायाखाना
   (ग) बेल्जियम
   (घ) भिक्षु
5. इस अनुच्छेद के लिए कौन–सा शीर्षक उपयुक्त है?
   (क) पुस्तकें हमारी मित्र
   (ख) पुस्तकों का महत्व
   (ग) छापेखाने का आवि कार
   (घ) भिक्षुओं का कष्ट

- **निम्नलिखित प्रश्नों में खाली स्थानों को भरने के लिए सही शब्द छाँटो और उसकी क्रम संख्या पर घेरा लगाओ –**

1. पर्वत की चोटियों ................... पर चढ़ना कोई सरल काम नहीं।
   (क) में
   (ख) पर
   (ग) से
2. बिल्ली पेड़ .................. बहुत आराम से सो रही थी।
   (क) में
   (ख) के चारों तरफ
   (ग) के नीचे

3. मामा जी सोहन .................. पेन लाए।

   (क) के लिए

   (ख) के द्वारा

   (ग) से

4. आज विद्यालय .................. अवकाश है।

   (क) पर

   (ख) में

   (ग) के

5. मैंने भगवान .................. दर्शन किए।

   (क) का

   (ख) की

   (ग) के

6. इस प्रश्न का उत्तर तो बहुत .................. है।

   (क) सरल

   (ख) सुगम

   (ग) सुलभ

7. हवा को चाहे वायु कह लो, चाहे .................. , एक ही बात है।

   (क) पवन

   (ख) पावक

   (ग) पावन

8. पहला सवाल तो बहुत सरल था, मगर दूसरा सवाल बहुत ही .................. था।

   (क) सही

   (ख) आसान

   (ग) कठिन

9. जहाँ तक .................. जाती थी, बर्फ ही बर्फ थी।

   (क) नजर

   (ख) दिखाई

   (ग) सुनाई

10. शहरी और .................. बच्चों की सुविधाओं में भेदभाव नहीं होना चाहिए।

(क) नगरीय

(ख) ग्रामीण

(ग) देशी

11. अगर समय पर बारिश हुई होती .................. फसल अच्छी होती।

(क) लेकिन

(ख) तो

(ग) एवं

12. तुम्हें व्यायाम करना चाहिए .................. स्वस्थ रह सको।

(क) ताकि

(ख) इसलिए

(ग) और

13. गुड़िया पाकर चाँदनी इतनी खुश हुई .................. उसे काई खजाना मिल गया हो।

(क) कैसे

(ख) वैसे

(ग) जैसे

14. हर्ष झगड़ा करता है .................. वह झगड़ालू कहलाता है।

(क) और

(ख) परंतु

(ग) इसलिए

15. तुम कहाँ जा रही हो इस वाक्य के आखिरी में .................. चिह्न आएगा।

(क) ?

(ख) !

(ग) ।

● नीचे लिखे अंश को ध्यान से पढ़ो। उसके बाद दिए गए प्रश्नों के उत्तर की क्रम संख्या पर गोला लगाओ –

# क्रिकेट क्लब





**सब कक्षाओं के साथियों का स्वागत है**

**आइए, क्रिकेट खेलना सीखें!**

प्रति रविवार को खेल के मैदान में

**समय**

लड़कियों के लिए प्रातः 9.00–10.00 बजे तक
लड़कों के लिए प्रातः 10.30–12.00 बजे तक

**सदानन्द प्राइमरी विद्यालय**
**महात्मा गाँधी मार्ग**
**रामपुर, उत्तर प्रदेश**

1. ऊपर दिया गया अंश है?
   (क) सूचना
   (ख) कहानी
   (ग) आदेश
   (घ) निबंध
2. क्रिकेट क्लब किनके लिए है?
   (क) केवल लड़कों के लिए
   (ख) केवल लड़कियों के लिए

(ग) सभी साथियों के लिए

(घ) इसमें से किसी के लिए नहीं

3. निम्नलिखित में से कौन–सा सही है?

(क) लड़कियों का अभ्यास लड़कों से पहले होगा।

(ख) लड़कियों का अभ्यास लड़कों से ज्यादा लम्बा होगा।

(ग) लड़के–लड़कियों के अभ्यास अलग–अलग दिनों में होंगे।

(घ) लड़कों का अभ्यास रविवार दोपहर को होगा।

4. लड़कों को कितनी देर क्रिकेट खेलना सिखाया जाएगा?

(क) तीस मिनट

(ख) डेढ़ घंटे

(ग) दो घंटे

(घ) तीन घंटे

5. यह क्रिकेट क्लब किस नगर में है?

(क) सदानंद

(ख) महात्मा गांधी

(ग) रायपुर

(घ) उत्तर प्रदेश

- **यदि तुम्हें अपने स्कूल में चीजों को मनपसंद तरीके से बदलते की छूट मिले तो तुम उसमें कौन–कौन से बदलाव करना पसंद करोगे?**
- **अगर तुम्हें पक्षियों को रंगने का अधिकार मिल जाए तो तुम किन–किन पक्षियों को क्या–क्या रंग दोगे?**